SOURCES (SHRI KALP NATH RAI): (a) to (c) According to DESU, the work of hite-washing etc. of its buildings was last carried out in the year 1989-90. However, this work was deferred during 1990-91 as a measure to effect economy in non-plan expenditure. DESU has initiated action to carry out the work of white-washing etc. of its buildings during the year 1991-92.

देश में विद्युत-परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान किया जाना

1849. **श्री अजीत जोगी :**
श्री बेकल "उत्साही" :

क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में कितनी विद्युत परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई ;

(ख) क्या इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते समय मध्य प्रदेश की परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1988–89, 1989–90 तथा 1990–91 के दौरान देश में 36 विद्युत परियोजनाओं की सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है ।

(ख) और (ग) केंद्रीय सरकार किसी एक विशेष राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई परियोजनाओं को कोई वरीयता नहीं देती है । राज्यों द्वारा प्रस्तुत की गई स्कीमों को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा उनकी तकनीकी-आर्थिक गुणवत्ता के आधार पर अनुमोदित किया जाता है ।

पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा वर्ष 1991-92 के दौरान मध्य प्रदेश के लिए स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

क्रम सं०	परियोजना का नाम	क्षमता (मेगा वाट)
1.	संजय गांधी विस्तार यूनिट 3 व 4	2X21
2.	पेंच यूनिट-1 व 2	2X21
3.	कोरबा पश्चिम यूनिट –5 व 6	2X21

देश में विद्युत उत्पादन

1850. **श्री अजीत जोगी :**
श्री बेकल "उत्साही" :

क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में सभी स्रोतों से राज्यवार तथा संघ राज्य क्षेत्रवार कितनी बिजली का उत्पादन किया जा रहा है ;

(ख) क्या सरकार विद्युत उत्पादन में वृद्धि करने के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान नए विद्युत संयंत्रों की स्थापना करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो ये विद्युत संयंत्र किन-किन राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित किए जायेंगे ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) अप्रैल, 1991—अक्टूबर, 1991 के दौरान राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/प्रणालीवार ऊर्जा-उत्पादन संबंधी कार्यक्रम के साथ-साथ वास्तविक ऊर्जा उत्पादन का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)